भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1937
02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को निधियां

1937. श्री राजीव राय:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले रोगियों की संख्या क्या है; और
(ग) उत्तर प्रदेश के मऊ और बलिया जिलों सहित उक्त योजना के अंतर्गत पंजीकृत/अभी तक पंजीकृत नहीं किए गए कुल परिवारों की संख्या कितनी है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत योजना के वास्तविक उपयोग के आधार पर राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र को क्रियान्वयन के लिए सहायता अनुदान के रूप में केन्द्र के हिस्से की निधि निर्गत की जाती है, जो अधिकतम राशि का 60%, 90% और 100% है और जो वर्तमान में प्रति परिवार प्रति वर्ष 1052/- रुपये है। इसके अतिरिक्त, प्रशासन के लिए सहायता अनुदान के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की जाती हैं। इस स्कीम के अंतर्गत राज्य विशिष्ट आबंटन नहीं किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राज्य को जारी की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

जारी की गई निधि का विवरण (करोड़ रुपये में)			
	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24
जीआई ईए-कार्यान्वयन	157.49	490.98	830.76
जीआई ईए- प्रशासन	0.07	10.79	10.35

(ख): दिनांक 30.06.2024 तक की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य में इस योजना के तहत लगभग 43.5 लाख अस्पताल में हुई भर्तियाँ अधिकृत की गई हैं।

(ग): उत्तर प्रदेश में राज्य की मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान योजना (एमएमजेएए) के अभिसरण में एबी-पीएमजेएवाई को कार्यान्वित किया जा रहा है। वर्तमान में, राज्य योजना के लाभार्थियों सहित लगभग 1.8 करोड़ परिवारों को अभिसृत योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवर प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इस योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा कवर को लगभग 14 लाख भवन और अन्य सन्निर्माण कामगारों (बीओसीडब्ल्यू) तक बढ़ा दिया गया है। इन परिवारों में से लगभग 1.66 करोड़ परिवारों के कम-से-कम एक सदस्य को आयुष्मान कार्ड जारी किया गया है।

मऊ और बलिया जिलों से संबंधित विवरण इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	**जिला**	**पात्र परिवारों की संख्या* (लाख में)**	**उन परिवारों की संख्या जिनके कम से कम एक सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड है* (लाख में)**
1.	बलिया	3.39	2.97
2.	मऊ	2.19	1.96

*पात्र और सत्यापित परिवारों की संख्या में बीओसी कर्मी शामिल हैं।

*****